SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-1(TERM-1)
Subject: हिंदी

Grade - 4

Prepared by: Vrushali kokane

LESSON-2. काझीरंगा

व्याकरण - वर्ण, वर्णमाला और मात्रा

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) प्रदान- देना

वाक्य - अध्यापक ने विद्‌यार्थीयों को उपहार प्रदान किए।

ख) विलुप्त - नष्ट

वाक्य - पृथ्वी से जंगल विलुप्त होते दिखाई दे रहे हैं।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

१) काझीरंगा अभयारण्य असम राज्य में स्थित है।

२) विलुप्त होते जीवों के संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय उद्‌यान' आवश्यक है।

लघु उत्तरीय प्रश्न:

१) काझीरंगा को संरक्षित वन कब घोषित किया गया और क्यों?

उत्तर: एक सिंग वाले गैंडो के संरक्षण के लिए ३ जनवरी १९०८ को काझीरंगा को संरक्षित वन घोषित किया गया।

२) वनों में रहने वाले जीव जंतुओं को वन-संपदा क्यों कहा गया है?

उत्तर: वनों में रहने वाले जीव जंतुओं को हमारी वनसंपदा इसलिए कहा है क्योंकि वन्य जीव हमारा स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

१) चिडियाघर और अभयारण्य में क्या अंतर है?

उत्तर: चिडियाघर ऐसा स्थान है जहाँ पर प्राणी अपने कृत्रिम आवास में सुरक्षित रहते हैं। यहाँ जीव-जंतुओं को रक्षकों द्‌वारा भोजन उपलब्ध कराया जाता है। अभयारण्य वह क्षेत्र होता है जहाँ जीव-जंतु अपने प्राकृतिक

आवास मे किसी भी प्रकार के बाहरी खतरे से सुरक्षित रहते है यहाँ जानवर खुद ही शिकार कर भोजन प्राप्त करते हैं|

२) संरक्षित वन भी वन्य जंतु के लिए सुरक्षित क्यों नही है ?

उत्तर : संरक्षित वन भी वन्य जंतुओं के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित नही है क्योंकि अवैध शिकार करने वाले व्यक्ति निजी लाभ के लिए जंतुओं का शिकार कर उन्हें हानि पहुँचा रहे हैं । कई बार जैव-विविधता संरक्षण में लगे लोग भी किसी भय या लालच के कारण अपराधों को छिपा लेते हैं।

३) कुछ आदिवासी वन (जंगल) पर निर्भर करते है कैसे ?

उत्तर : कुछ आदिवासी वन (जंगल) पर निर्भर करते हैं। वे जंगलों से ही अपना भोजन प्राप्त करते हैं, शिकार करते हैं तथा पेड की छाल, जंतुओं की खाल आदि से बने वस्त्र पहनते हैं।

४) हमें सदैव जैव-विविधता का संरक्षण क्यों करना चाहिए ?

उत्तर : जैव-विविधता के कारण ही हमें खाद्य पदार्थ प्राप्त होते हैं। तथा जंतुओं के जीवन-यापन के अनजान पहलुओं का अध्ययन हम उस क्षेत्र से जंतुओं को सुरक्षित रखकर कर सकते है। साथ ही साथ जैव-विविधता पर्यावरण संबंधित संतुलन को बनाए रखती हैं।

५)काझीरंगा अभयारण्य का वर्णन अपने शब्दों मे कीजिए।

उत्तर : काझीरंगा असम का सबसे पुराना उद्यान है जो उत्तर में ब्रह्मपुत्रा नदी के किनारे और दक्षिण में कर्बी अंगलांग पहाडियों के आसपास है। काझीरंगा दुनिया भर मे एक सींग वाले गैंडो जंगली भैसों की सबसे बडी आबादी के लिए जाना जाता है। यहाँ पक्षियों की 500 से अधिक प्रजातियाँ देखने को मिलती हैं।

<u>व्याकरण</u>

<u>वर्ण, वर्णमाला और मात्रा</u>

<u>वर्ण</u>

परिभाषा :- भाषा के सबसे छोटी इकाई या ध्वनी को वर्ण कहते हैं।

वर्णो के प्रकार:

1) स्वर 2) व्यंजन

स्वर - जिन वर्णो का उच्चारण बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता से किया जाता है, उन्हे स्वर कहते है। हिंदी में 11 स्वर होते हैं।

व्यंजन -जिन वर्णो का उच्चारण स्वरों की सहायता से किया जाता है, उन्हें व्यंजन कहते है। हिंदी मे 33 व्यंजन होते हैं।

संयुक्त व्यंजन = 4 (क्ष त्र ज्ञ श्र)

वर्णमाला :

हिंदी भाषा में चवालीस (44)वर्ण होते हैं।

वर्णो की क्रमबद्ध व्यवस्था को वर्णमाला कहते हैं।

स्वरों की मात्राएँ

परिभाषा- व्यंजन के साथ लगने वाले स्वर के विशेष चिह्न ही मात्रा कहलाते हैं।

उदा. र् + उ = रु रुपया

र् + ऊ = रूप